(3) हर पोत में जिसके विद्युत भार में पोत की नोदन या सुरक्षा के लिये आवश्यक सेवाए सम्मिलित है और प्रसामान्य समुद्रभार ऐसा है कि दो या अधिक जनित्रों की एक साथ कार्यचालन की अपेक्षा है, पर्याप्त अनावश्यक भार को स्वतः निर्मुक्त करने, का जब कुल धारा संसक्त जनित्र धारिता से अधिक हो जाती है प्रबंध किया जायेगा ।

7. **सकल 5000 टन या अधिक के पोतों में विद्युत शक्ति के आपात**.—(1) सकल 5000 टन या अधिक के हर पोत में एक स्वतः पूर्ण विद्युत शक्ति के आपात स्रोत का सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तरफ प्रबंध इस प्रकार व्यवस्थित किया जायगा कि इसका, अग्नि या अन्य दुर्घटना की दशा में जिससे मुख्य विद्युत संस्थापन में खराबी पैदा हो, काम करना सुनिश्चित हो ।

(2) ऐसे हर पोत में उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्रोत, निम्नलिखित सेवाओं को साथ साथ छह घंटे से अन्यून क्रमवर्ती कालावधि के लिये प्रचालित करने में समर्थ होगा अर्थात

(क) भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (प्राण रक्षा सधित्र) नियम 1953 के अधीन अपेक्षित आपात प्रकाश;

(ख) वह आपात प्रकाश पद्धति जिसकी मुख्य मशीनरी जगह, पोत के मुख्य विद्युत जनित्र संयंत्र को रखने का स्थान, नौचालन कक्ष के ऊपर और चार्ट कक्ष में प्रबंध किया गया है ;

(ग) साधारण एलार्म यदि विद्युत से प्रचालित हों

(घ) पोत के नौपरिवहन दीप यदि केवल विद्युत के ही हों, और

(ङ) दिवालोक सिगनल लैंप यदि वह पोत के विद्युत शक्ति के मुख्य स्रोत द्वारा प्रचालित हो ।

(3) ऐसे हर पोत में –

(क) उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्रोत या तो संचायक (स्टोरेज) बैटरियां होगी जो उपनियम (2) की अपेक्षा आंकियां, फिर से चार्ज हुए बिना या वोल्टता की अत्यधिक कमी हुए बिना अनुपालन करने में समर्थ हों, या यह अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी द्वारा चालित जनित्र जिससे स्वतन्त्र इंधन प्रदाय और चालू करने का दक्ष प्रबन्ध है, होगा और ऐसी मशीनरी के लिये प्रबंध किये गये इंधन का प्रज्वलन ताप 43° से० से अन्यून होगा ;

(ख) विद्युत शक्ति का आपात स्रोत इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि यह, जब पोत 22½ अंश झुका हो और जब पोत का झुकाव समतल से 10 अंश हो, दक्षता से प्रचालित होगा;

(ग) विद्युत शक्ति के आपात स्रोत और इसके सहयुक्त परिपथ के कालिक परीक्षण के लिये व्यवस्था की जायेगी ।

8. **सकल 1600 टन या अधिक लेकिन सकल 5000 टन से कम के पोतों में विद्युत शक्ति का आपात स्रोत.**— (1) सकल 1600 टन या अधिक लेकिन 5000 टन से कम के हर पोत में एक स्वतः पूर्ण विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत का सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर या उठे हुए चौथाई डैक की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तरफ प्रबंध इस प्रकार व्यवस्थित किया जाएगा कि इसका, अग्नि या अन्य दुर्घटना की दशा में जिससे मुख्य विद्युत संस्थापन में खराबी पैदा हो, काम करना सुनिश्चित हो ।

(2) उपनियम (1) में अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत निम्नलिखित सेवाओं को साथ-साथ तीन घंटे से अन्यून क्रमवर्ती कालावधि के लिये प्रचालित करने में समर्थ होगा; अर्थात

(क) भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (प्राण रक्षा साधित्र) नियम, 1956 के अधीन अपेक्षित आपात प्रकाश;

(ख) साधारण एलार्म यदि विद्युत से प्रचालित हो;

(ग) पोत के नौपरिवहन दीप यदि केवल विद्युत के ही हो

(3) ऐसे हर पोत में

(क) उपनियम (1) के अधिन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत या तो संचायक (स्टोरेज) बैटारियां होगी जो उपनियम (2) की अपेक्षाओं का, फिर से चार्ज हुए बिना या वोल्टता की अत्याधिक कमी हुए बिना, अनुपालन करने में समर्थ हों या अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी द्वारा चालित जनित्र होगा जिसमें स्वतन्त्र इंधन प्रदाय और चालू करने का दक्ष प्रबंध हो और ऐसी मशीनरी के लिये प्रबंध किये गये इंधन का प्रचालन ताप 43° से० से अन्यून होगा ;

(ख) विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत इस प्रकार व्ययस्थित किया जायेगा कि यह, जब पोत 22½ अंश झुका हो और जब पोत का समतल से झकाव 10 अंश हो, दक्षता से प्रचालित होगा ।

(ग) विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत और इसके सहयुक्त परिपथ के कालिक परीक्षण के लिये व्यवस्था की जायेगी ।

9. **सकल 1600 टन से कम के पोतों में विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत.**—(1) सकल 1600 टन से कम के हर पोत में जिसमें सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर या उठे हुए चौथाई डैक की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तरफ इसका विद्युत शक्ति का मुख्य स्त्रोत न हों, एक स्वतः पूर्ण विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत का सर्वोच्च सपाट डैक के ऊपर या उठे हुए चौथाई डैक की स्थिति में और मशीनरी खोलों के बाहरी तरफ प्रबन्ध इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि इसका, अग्नि या अन्य दुर्घटना की दशा मे जिससे मुख्य विद्युत सस्थापन में खराबी पैदा हो, काम करना सुनिश्चित हो ।

(2) उपनियम (1) में अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत निम्नलिखित सेवाओं को साथ साथ तीन घंटे से अन्यून क्रमवर्ती कालावधि के लिये प्रचालित करने में समर्थ होगा, अर्थात :—

(क) भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (प्राण रक्षक साधित्र) नियम, 1956 के अधीन अपेक्षित आपात प्रकाश;

(ख) साधारण एलार्म यदि विद्युत से प्रचालित हो

(ग) पोत के नौपरिवहन दीप यदि केवल विद्युत के ही हो ।

(3) ऐसे हर पोत में—

(क) उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति का आपात स्त्रोत या तो संचायक (स्टोरेज) बैटरियां होगी जो उपनियम (2) की अपेक्षाओं का, फिर से चार्ज हुये बिना या वोल्टता की अत्यधिक कमी हुये बिना, अनुपालन करने में समर्थ हों या अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी द्वारा चालित जनित्र होगा जिसमें स्वतंत्र इंधन प्रदाय और चालू करने का दक्ष प्रबंध हो और ऐसी मशीनरी के लिये प्रबंध किये गये इंधन का प्रज्वलन ताप 430 से० से अन्यून होगा;

(ख) विद्युत शक्ति का आपात स्रोत इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि यह, जब पोत 22 1/2 अंश झुका हो और जब पोत का समतल से झुकाव 10 अंश हो, दक्षता से प्रचालित होगा;

(ग) विद्युत शक्ति के आपात स्रोत और इसके सहयुक्त परिपथ के कालिक परीक्षण के लिये व्यवस्था की जाएगी।

10. **विद्युत और वैद्युतद्रवचालित कर्ण गियर.**—(1) हर पोत में जिसमें विद्युत या वैद्युत द्रव चालित कर्ण गियर लगा है उपदर्शकों का प्रबंध किया जायेगा जो, जब ऐसे कर्ण गियर के शक्ति एकक चालू हैं दर्शायेंगे, वे उपदर्शक, मशीनरी नियंत्रण कक्ष या ऐसी अन्य स्थित या स्थितियों जैसा कि केन्द्रीय सरकार अनुमोदित करे और संचालन कक्ष पर स्थित होंगे।

(2) सकल 5000 टन या अधिक के हर पोत में निम्नलिखित व्यवस्था की जायेगी, अर्थात :—

(क) विद्युत और वैद्युत द्रव चालित कर्ण गियर में मुख्य स्विच बोर्ड से दो परिपथ आयेंगे जिनमें से एक आपात स्विच बोर्ड में से यदि पोत पर कोई आपात स्विच बोर्ड का प्रबंध है, होकर जा सकता है। प्रत्येक परिपथ की सब मोटरों को जो इससे प्रसामान्यतः सम्बद्ध हैं और जो साथ साथ प्रचालित होती हैं शक्ति प्रदाय की पर्याप्त क्षमता होगी और यदि कर्ण गियर कक्ष में या तो किसी मोटर या मोटरों के समुच्चय को परिपथ शक्ति प्रदाय के अन्तरण का प्रबंध है, तो प्रत्येक परिपथ की अत्याधिक भार की दशा में के लिये पर्याप्त क्षमता होगी। परिपथ अपनी पूर्ण लंबाई भर में यावत्संभव चौड़ाई से अलग अलग रखा जायेगा।

(ख) ऐसे परिपथों और मोटरों के लिये केवल लघु-पथ संरक्षण का प्रबंध किया जायेगा

(3) सकल 5000 टन से कम हर पोत जिसमें मुख्य और सहायक दोनों, कर्ण गियरों के लिये विद्युत शक्ति ही एक मात्र शक्ति का स्रोत है, उपनियम (2) की अपेक्षाओं के अनुसार होगा सिवाय इसके कि यदि सहायक कर्ण गियर किसी मोटर द्वारा शक्तिकृत है जो प्राथमिकता: अन्य स्रोत के लिये आशयित है, यथोचित अति भार संरक्षण लगाये जा सकेंगे।

11. **आघात, अग्नि और विद्युत भूल के अन्य परिसंकटों से पूर्वावधानी.**—(1) हर पोत में सभी विद्युत उपस्कर इस प्रकार सन्निर्मित और संस्थापित किये जायग कि किसी व्यक्ति को, जो उन्हें उचित रीति से उपयोग कर रहा हो, क्षति का खतरा नहीं होगा। उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन जहां पोत के उपस्कर के रूप में दिया गया विद्युत उपस्कर का 55 वोल्ट से अधिक वोल्टीयता पर प्रचालित किया जाना अपेक्षित है, ऐसे उपस्कर के अरक्षित धातु भाग जिनका पृथ्वी की वोल्टीयता से अधिक वोल्टीयता रखना आशयित नहीं है लेकिन जो त्रुटिपूर्ण परिस्थितियों के अधीन ऐसी वोल्टीयता रख सकता है, भूयोजित कर दिये जायेंगे।

(2) हर पोत में जहां पोत के उपस्कर के रूप में दिये गये सुवाह्य विद्युत दीपकों, औजारों और समरूप उपकरणों का 55 वोल्ट से अधिक वोल्टीयता पर प्रचालित किया जाना अपेक्षित है के अरक्षित धातु भाग प्रदाय केबिल में संवाहक द्वारा भूयोजित कर दिये जायेंगे जब तक कि दोहरे रोधन के प्रयोग या यथोचित पृथक-कारी ट्रांसफारमर द्वारा कम से कम संवाहक द्वारा भूयोजित होने जैसे प्रभावशाली बचाव का प्रबंध न हो। जब विद्युत दीप, औजार या अन्य उपकरण आर्द्र जगह में प्रयोग होते हैं, यह सुनिश्चित करने के लिये कि विद्युत आघातों का खतरा न्यूनतम हो जाये, या तत्साम्य प्रबंध किये जायेंगे।

(3) हर पोत में प्रत्येक मुख्य और आपात स्विच बोर्ड इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि उसके सामने और पीछे किसी व्यक्ति को बिना खतरे के पहुंच आसान हो। ऐसे हर स्विच बोर्ड की यथोचित रूप से रक्षा की जायेगी और जहां आवश्यक हो, इसके आगे और पीछे असंवाहक चटाई या जाली लगाई जाये गी। कोई भी आरक्षित भाग जिसकी संवाहकों के बीच में या भूगत वोल्टीयता, दिष्टधारा 250 वोल्ट या प्रत्यावर्ती धारा 55 वोल्ट, से अधिक है, किसी स्विच बोर्ड या नियंत्रण पेनल के सामने संस्थापित नहीं किया जायेगा।

(4) किसी पोत में वितरण की हल रिटर्न पद्धति प्रयुक्त नहीं की जायेगी :

परन्तु केन्द्रीय सरकार टैंकर से भिन्न किसी पोत को इस उपनियम की अपेक्षाओं का अनुपालन करने से छूट दे सकती है।

(5) हर पोत में प्रत्येक विद्युत केबिल, एपीप्रत्येक स्थिति जिसमें किसी विद्युत दोष से आग लग सकती है, ज्वाला गति रोधी, आच्छादित या कवचित या अन्यथा समानतः प्रभावशाली रूप से संरक्षित होंगे विद्युत केबिल के सभी धातु आच्छादों और धातु कवचों में विद्युत का अविरत प्रवाह रहेगा और वे भूयोजित होंगे।

(6) हर पोत में प्रकाश फिटिंग इस प्रकार व्यवस्थित की जायेगी कि ताप क्रम का बढ़ना, जो उसकी विद्युत वायरिंग के लिये क्षतिकर हो, या जिससे आस पास की सामग्री में आग का खतरा पैदा हो सकता है, रोका जा सके।

(7) हर पोत में वायरिंग में आलंबन इस प्रकार से लगाये जायेंगे कि रगड़ या अन्य क्षयन से बचा जा सके।

(8) हर पोत में,—

(क) प्रत्येक पृथक विद्युत परिपथ को लघुपथ से संरक्षित किया जायेगा,

(ख) पोत के कर्ण गियर को प्रचालित करने वाले परिपथ या किसी अन्य परिपथ जिसकी बाबत में केन्द्रीय सरकार ने छूट दे रखी है, से भिन्न ऐसे प्रत्येक पृथक विद्युत परिपथ अतिभार से संरक्षित किया जायेगा । प्रत्येक अतिभार संरक्षणात्मक युक्ति युक्ति के ऊपर या पास परिपथ की धारा वहन क्षमता जिसका यह संरक्षण करती है और युक्ति का वर्ग क्रम या विन्यास स्पष्ट और स्थायीरूप से उपदर्शित किया जायेगा ।

(9) हर पोत में सभी संचालक (स्टोरेज) बैटरियां बक्सों या डिब्बों में रखी जायेंगी जो बैटरियों को नुकसान से संरक्षित करने के लिये संनिर्मित हैं और विस्फोटक गैसों के संचयन को न्यूनतम करने के लिये संवातित हैं । युक्तियाँ किसी डिब्बे में, जो मुख्यतः सचायक बैटरियों के लिये समनुदेशित हैं, संस्थापित नहीं की जायेगी ।

(10) हर पोत में जिसमें विद्युत स्पेस हीटर, इसके उपस्कर का भाग है ऐसा हर विद्युत स्पेस होटर एसी स्थिति में लगाया जायेगा और इस प्रकार सन्निर्मित होगा जिससे कि आग लगने की जोखिम घट कर कम से कम हो जाये । ऐसा हीटर ऐसे किसी तत्व से संनिर्मित नहीं किया जायेगा जो कि इस प्रकार खुला छोड़ दिये जाने पर तत्व से निकले हुये ताप से कपड़ों, परदों या अन्य पदार्थों को झुलसा सके या उनमें आग लगा सके ।

12. **अग्नि परित्राण.—**

(1) यह उपनियम सकल 4000 टन या अधिक के सभी स्थौरा पोतों को लागू होगा और उपनियम (9) सकल 500 टन या अधिक के स्थौरा पोतों को भी लागू होगा ।

(2) किसी पोत में जिसमें पोपभीत को ख वर्ग पेनलों से संनिर्माण करने की अपेक्षा है, ऐसे पेनल तीस मिनट की अवधि के पूरे मानक अग्नि परीक्षण के दौरान ज्वाला पथ की रोकथाम करने में समर्थ होंगे ? इस प्रयोजन के लिये प्रयुक्त किया गया हर एक अदाह्य ख वर्ग पेनल ऐसा होगा कि उसकी दोनों में से कोई सतह तीन मिनट की अवधि के मानक अग्नि परीक्षण के लिये अनावरित की जाये, तो पेनल की अनअनावरित सतह के औसत तापक्रम में परीक्षण के प्रथम 15 मिनट के दौरान वृद्धि नहीं होगी और परीक्षण की पूरी कालावधि के दौरान उस सतह के आरम्भिक तापक्रम से 139° सें० अधिक नहीं होगा और न ही उस के किसी एक बिन्दु पर आरंभिक तापक्रम से 225° सें० अधिक की वृद्धि होगी । इस प्रयोजन के लिये प्रयुक्त किया गया हर एक दहनशील ख वर्ग पेनल ऐसा होगा कि यदि उसकी दोनों में से कोई सतह तीस मिनट की अवधि के लिये मानक अग्नि परीक्षण के लिये अनावरित की जाये तो पैनल की अनअनावरित सतह के औसत तापक्रम में उस सतह पर आरंभिक तापक्रम से 139 अंश सें० अधिक की वृद्धि नहीं होगी और न ही उस के किसी एक बिन्दु आरम्भिक तापक्रम से 225 सें० अधिक की वृद्धि होगी ।

(3) हर पोत में,—

(क) खोखा जिसमें अधिसंरचना, पोपभीत, डेक और डेक घर सम्मिलित है इस्पात से संनिर्मित किये जायेंगे;

परन्तु किन्हीं विशेष मामलों में केन्द्रीय सरकार आग की जोखिम को ध्यान में रखते हुये इनमें से किसी को भी ऐसी अन्य यथोचित सामग्री से, जैसा वह उचित समझे, संनिर्मित करने की अनुज्ञा दे सकती है ।

(ख) गलियारे पोतभीत जो वास जगह और नियंत्रण स्टेशन का काम करते हैं, इस्पात या ख वर्ग पेनलों से निर्मित किये जायेंगे ।

(4) हर पोत में,—

(क) द्वार और गलियारे पोपभीतों में इसी प्रकार के पथ स्थायी रूप से संलग्न दरवाजों या पटों द्वारा बन्द किये जाने योग्य होंगे ।

(ख) ऐसे पोतभीतों में संवाती पटों की संख्या कम से कम रखी जायेगी । ऐसे पट, जहां तक युक्तियुक्त रूप से साध्य हो, दरवाजे के निचले भाग में होंगे ।

(5) हर पोत में वास जगहों के भीतर आन्तरिक जीना, सीढ़ियां और कर्मीदल लिफ्ट ट्रंक इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री से संन्निर्मित किये जायेंगे ।

(6) हर पोत में किसी आपात जनित्र कक्ष की सीमा पोत भीत और रसोई, पेंट कक्ष, दीप-कक्ष या मोटा स्वेन के भंडार को पथक करने वाले पोत भीत इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री से संन्निर्मित किये जायेंगे ।

(7) हर पोत में जगहों के भीतर डैक आच्छाद और डैक नियंत्रण स्टेशन जो मशीनरी का छत्र बनाते हैं और स्थौरा जगहें इस प्रकार की होंगी कि तुरन्त ज्वलित न हो सकें ।

(8) हर पोत में,—

(क) वास जगहों, मशीनरी जगहों और नियंत्रण स्टेशनों में पेंट, वार्निश और अन्य सतह सामग्री जिनमें नाइट्रोसेलूलोज या अन्य अत्यन्त ज्वलनशील क्षार हो प्रयोग नहीं की जायेगी ;

(ख) तेल या अन्य ज्वलनशील द्रव को ले जाने के लिये आशयित के पाइप आगे की जोखिम को ध्यान में रखते हुये ऐसी सामग्री के होंगे जो केन्द्रीय सरकार को प्रतिग्राह्य हो;

(ग) जहाज पर कीनालों, शौच विसर्जन या जल रेखा के समीप के अन्य भों। ऐसी सामग्री के नहीं होंगे जो आग लगने की दशा में निष्फल हो जायें और उससे बाढ़ का खतरा पैदा हो जाये।

(घ) चलचित्र संस्थापनों में सेलूलोज नाइट्रेट फिल्म प्रयोग नहीं की जायेगी।

(9) हर पोत में, –

मुख्य नोदन मशीनरी या तेल से चलने वाला बायलर या अन्तर्दाह्य प्रकार की सहायक मशीनरी जिसकी कुल अश्व-शक्ति 1000 या अधिक हो, को रखने वाली जगहों के रोशन दान बन्द किये जाने के योग्य होंगे और जहां साध्य हो आग लगने की दशा में जगहों के बाहर से खोले जा सकेंगे और जहां उनमें कांच के पैनल हों, ऐसे पैनल तार प्रबलित कांच से फिट किये गये अग्नि प्रतिरोधी संनिर्माण होंगे और बाह्य स्थायी संलग्न पट इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री के होंगे,

(ख) इंजन खोल में खिड़कियां नहीं लगाई जाएंगी सिवाए वहां जहां केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि वे आवश्यक हैं और अग्नि दुर्घटना संघटित नहीं होगी। जहां ऐसी खिड़कियां लगाई जायेंगी वे न खुलने वाले प्रकार की होंगी और ये तार प्रबलित कांच से फिट की गई अग्नि प्रतिरोधी संनिर्माण होंगी और इनमें स्थायी संलग्न बाह्य पट इस्पात या अन्य समतुल्य सामग्री के होंगे।

13. **बायलर्स और मशीनरी – साधारण**.—

(1) हर पोत में मशीनरी, बायलर्स और अन्य दाव वाहिकाएं ऐसे डिजाइन और संनिर्माण की होंगी कि उस सेवा के लिये जिसके लिये वे आशयित है समुचित हों और इस प्रकार संस्थापित और संरक्षित की जायेगी कि बोर्ड पर के व्यक्तियों को खतरा घट कर कम से कम हो जाये।

(2) उपनियम (i) की अपेक्षाओं की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना हर पोत बायलर्स और मशीनरी में ऐसे साधनों की व्यवस्था की जायेगी जो ऐसी मशीनरी बायलर्स और अन्य दाव वाहिकाओं के किसी भाग के अधि-दान का निवारण करेंगे और विशेष रूप से हर बायलर और हर तेल प्रसर्जित वाष्प-जनित्र में० दो सुरक्षा वाल्वों से अन्यून व्यवस्था की जायेगी।

परन्तु केन्द्रीय सरकार, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि आधिदाव के प्रतिकूल बचाव की समुचित व्यवस्था है तो वह किसी बायलर या अप्रसर्जित वाष्प जनित्र के उत्पाद या किसी अन्य लक्षण का ध्यान रखते हुए केवल एक सुरक्षा वल्व लगाने की अनुज्ञा दे सकती है।

14. **बायलर्स और अन्य दाव वाहिकाएं**.—

(1) हर पोत में हर बायलर या अन्य दाब वाहिका और इनकेअपने प्रथमबार उपयोग में लाये जाने से पूर्वयथास्थिति उस बायलर या दाब वाहिका के कार्यकारी दाब से यथोचित अधिक दाब पर, यह सुनिश्चित करने के लिये कि बायलर या कोई अन्य दाब वाहिका अपने माउटिंग सहित शक्ति और डिजाइन में उस उपयोग के लिये जिसके लिये यह आशयित है,

(क) डिजाइन और सामग्री जिससे यह संनिर्मित है;

(ख) प्रयोजन जिसके लिये इसका प्रयोग आशयित है, और

(ग) कार्यकरण परिस्थितियों जिनके अधीन इसका प्रयोग आशयित है,

को ध्यान में रखते हुए द्रवचालित परीक्षण के अध्यधीन होंगे

(2) ऐसे हर बायलर या दाब वाहिका और इनके अपने अपने माउटिंग प्रभावशाली परिस्थितियों में रखे जायेंगे।

(3) हर पोत में ऐसी व्यवस्था की जायेगी जिससे हर दाब वाहिका की सफाई और निरीक्षण पर्याप्त रूप से सुकर हो जाये।

15. **मशीनरी**.—

(1) हर पोत में, पोत के नौदान और सुरक्षा के लिये आवश्यक मुख्य और सहायक मशीनरी में नियंत्रण के प्रभावशाली साधनों की व्यवस्था की जायेगी और मशीनरी जब आरंभतः पोत में कोई शक्ति उपलब्ध नहीं है प्रचालित किये जाने के योग्य होगी।

(2) हर पोत में जहां मशीनरी के अधिगतित्वरण से खतरा विद्यमान है वहां यह सुनिश्चित करने के लिये कि सुरक्षित गति न बढ़े, साधनों की व्यवस्था की जायेगी। हर पोत में जहां मुख्य या सहायक मशीनरी या ऐसी मशीनरी का कोई भाग आन्तरिक दाब के अध्यधीन है, प्रथमबार उपयोग के लाये, जाने से पूर्व कार्यकारी दाब से यथोचित अधिक दाब पर

(क) डिजाइन और सामग्री जिससे यह संनिर्मित है,

(ख) प्रयोजन जिसके लिये इनका प्रयोग आशयित है, और

(ग) कार्यकरण परिस्थितयां जिनके अधीन इनका प्रयोग आशयित है,

को ध्यान में रखते हुए द्रवचालित परीक्षण के अध्यधीन होंगे।

(3) हर पोत में, मुख्य या सहायक मशीनरी या उनका कोई भाग जो आन्तरिक दाब के अध्यधीन है प्रभावशाली परि-स्थितियों में रखा जायेगा।

16. **पीछे जाने के साधन.**—हर पोत सभी प्रसामान्य परिस्थितियों में पोत के समुचित नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिये पीछे जाने के लिये पर्याप्त शक्ति रखेगा ।

17. **शाफ्ट.**—हर पोत में प्रत्येक शाफ्ट इस प्रकार डिजाइन और संनिर्मित की जायेगी की इसकी सुरक्षा की पर्याप्त और व्यवस्था ।

(क) सामग्री जिससे यह संनिर्मित है,

(ख) सेवा जिसके लिये यह आशयति हैं, और

(ग) इंजन का प्रकार जिसके द्वारा यह खींची जाती है या जिसका यह भाग है,

को ध्यान में रखते हुये अधिकतम कार्यकारी प्रतिबल जिसके यह अध्यधीन हो सके, को सहन कर सकेगी ।

18. **बायलर संभरण प्रणाली.**—(1) हर पोत में, हर बायलर में जो पोत की सुरक्षा के लिये आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था करता है और जो संभरण जलप्रदाय के खराब हो जाने पर खतरनाक बन सकता है, दो से अन्यून प्रभावशाली और पृथक संभरण जल प्रणाली इस प्रकार व्यवस्थित करके कि ऐसी प्रणाली में से कोई एक दूसरी की प्रभावशीलता पर प्रभाव डाले बिना निरीक्षण या पूरी मरम्मत के लिये खोली जा सके, लगाई जायेगी । ऐसी हर प्रणाली में ऐसे साधनों की व्यवस्था की जायेगी जो प्रणाली के किसी भाग में अधिदाब को रोके ।

(2) यदि किसी पोत की बायलर संभरण प्रणाली में तेल प्रविष्ट होने की संभावना है तो बायलर संभरण जल के प्रदाय के लिये व्यवस्था में संभरण जल में तेल के अन्तारोधन की व्यवस्था की जायेगी ।

(3) हर संभरण निरोध वाल्व, फिटिंग या पाइप जिसमें से होकर पाइप से ऐसे बायलर को संभरण जल जाता है, सुरक्षा की व्यवस्था जो पर्याप्त हो, उस सामग्री जिससे यह संनिर्मित है, और कार्यकरण परिस्थितियों जिनके अधीन इसको प्रयोग किया जायेगा को ध्यान में रखते हुये अधिकतम कार्यकारी प्रतिबल जिसके यह अधीन हो सके को सहन करने के लिये डिजाइन और सन्निर्मित किया जायेगा । ऐसा हर वाल्व, फिटिंग या पाइप प्रथम बार उपयोग में लाए जाने से पूर्व यथोचित रूप से उस बायलर के अधिकतम कार्यकारी दाब से जिससे यह संबद्ध है या उस अधिकतम कार्यकारी दाब से जिसके संभरण लाइन अध्यधीन हो सकती है, इनमें जो भी अधिक हो से अधिक दाब पर द्रवचालित परीक्षण के अधीन होगा और प्रभावशाली दशा में बनाए रखा जायेगा ।

(4) उपनियम (3) में निर्दिष्ट संभरण पाइप यथोचित रूप से आलंबित किये जायेंगे ।

19. **वाष्प पाइप प्रणाली.**—(1) हर पोत में उससे संबद्ध हर वाष्प पाइप और हरफिटिंग जिस से होकर वाष्प जा सकती है इस प्रकार डिजाइन और सन्निर्मित किया जायगा इसकी सुरक्षा की पर्याप्त हो व्यवस्था जो, और

(क) सामग्री जिससे यह सन्निर्मित है, और

(ख) कार्यकरण परिस्थितियों जिनके अधीन वह प्रयोग किया जायेगा ।

को ध्यान में रखते हुये अधिकतम कार्यकारी प्रतिबल जिसके यह अध्यधीन हो सके, को सहन कर सके ।

(2) उपनियम (1) की अपेक्षाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसा हर वाष्प पाइप या फिटिंग प्रथम बार उपयोग में लाए जाने से पूर्व यथोचित रूप से इसके अधिकतम दाब से, जो अवधारित किया जाना है, अधिक दाब पर उपनियम (1) के खंड (क) और (ख) की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए द्रव चालित परीक्षण के अध्यधीन होगा, और ऐसा हर वाष्प पाइप और फिटिंग प्रभावशील दशा में बनाए रखा जायगा ।

(3) वाष्प पाइप यथोचित रूप से आलंबित किये जायेंगे ।

(4) ऐसी व्यवस्था की जायगी जिससे अत्यधिक प्रतिबल को जिसके कारण चाहे तापक्रम, कंपन में फेरफार होने से, या अन्यथा के कारण से ऐसे वाष्प पाइप या फिटिंग में सभाव्य खराबी हो सकती हो, परिवर्जित की जा सके ।

(5) ऐसे हर वाष्प पाइप के लिये, यह सुनिश्चित करने के लिये कि पाइप का अन्तरभाग जल से मुक्त रखा जा सके, जल निकास के प्रभावशाली साधनों की व्यवस्था की जायगी और पोत की आशयित सेवा के दौरान किसी भी परिस्थिति में संभावित रूप से उत्पन्न होने वाली जलधन क्रिया (वाटर हैमर एक्सन) न हो ।

(6) यदि किसी पोत में वाष्प पाइप किसी दूसरे उच्च दाब, जिसे यह पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था से सहन नहीं कर सकता है, के स्त्रोत से वाष्प लेने की अपेक्षा रखता है तो ऐसे पाइप में प्रभावशाली न्यूनक वाल्व, रक्षा वाल्व और दाबमापी लगाया जायगा ।

20. **वायु दाब प्रणाली.**—(1) हर पोत में जिसमें नोदन और पोत या बोर्ड पर के व्यक्तियों की सुरक्षा के लिये आवश्यक मशीनरी पूर्णत संपीड़ित वायु द्वारा, चालू होने, प्रचालन और नियंत्रण की अपेक्षा करती है, एक प्रभावशाली वायु प्रणाली, जिस में पर्याप्त संख्या में वायु संपीडक और संपीडित वायु संग्रह वाहिका सम्मिलित है, यह सुनिश्चित करने के लिये कि सेवा में होने वाले सभी संभाव्य परिस्थितियों में संपीड़ित वायु का प्रदाय पर्याप्त हो सके. कि व्यवस्था की जायगी ।

(2) (क) ऐसी हर वायु दाब प्रणाली के भाग वायु चालित नियंत्रण प्रणाली से भिन्न जो वायु दाब के अध्यधीन हैं। इस प्रकार डिजाइन और सन्निर्मित किये जायेंगे कि वे अधिक तक कार्यकारी प्रतिबल को जिसके वे अध्याधीन हो सके पर्याप्त रक्षा की व्यवस्था सहित सहन कर सके और ऐसी प्रणाली में हर वायु दाब पाइप या फिटिंग प्रथम बार उपयोग में लाये जाने से पूर्व इसके अधिकतम कार्यकारी दाब से दुगने दाब पर द्रवचालित परीक्षण के अध्यधीन होंगे और ये प्रभावशाली दशा में बनाये रखे जायेंगे।

(ख) ऐसी किसी वायु दाब प्रणाली के किसी भाग में अधिदाब के निवारण के लिये साधनों की व्यवस्था की जायगी और जहां वायु संपीड़कों और शीतकों की जल जैकिट या जल खोल वायु दाब के भागों से उनमें क्षरण के कारण खतरनाक अधिदाब के अध्यधीन हो वहां यथोचित और पर्याप्त दाब रक्षकों की व्यवस्था की जायगी।

(ग) ऐसे हर वायु दाब प्रणाली में—

(1) प्रणाली में तेल के प्रवेश को घटा कर न्यूनतम करने ; प्रणाली के निकास; और

(3) प्रणाली की आन्तरिक विस्फोट के प्रभाव से रक्षा करने,

की व्यवस्था की जायगी।

(घ) ऐसे हर वायु संपीड़कों में विसर्जन पाइप चालन वायु संपीड़कों से सीधे चालन वायु संग्रहियों को ले जाय जायेंगे और वायु संग्रहियों से मुख्य या सहायक इंजिनों को जाने वाले सब चालन वायु पाइप संपीड़क विसर्जन पाइप प्रणली पूर्णतः प्रथक होंग।

21. **शीतक जल प्रणाली.**—हर पोत में जिसमें प्रणोदी मशीनरी को चालू रखने के लिये शीतक जल सेवा आवश्यक है ऐसी जल सेवा के प्रचालन के लिय कम से कम दो साधनों व्यवस्था की जायगी।

22. **स्नेहन और अन्य तेल प्रणालियां.**—हर पोत में जिसमें मुख्य प्रणोदी मशीनरी और इसकी आनुषंगिक सेवाओं के शीतन या प्रचालन में स्नेहन के लिये तेल दाब में परिचालित होता है, तो पंप के खराब होने की दशा में ऐसे तेल के परिचालन के विकल्प साधन के उपलब्ध होने की पर्याप्त व्यवस्था की जायगी।

23. **तेल और गैसीय इंधन संस्थापन.**—(छ) हर पोत में, बायलर या मशीनरी के प्रयोग के लिये तेल का दमक तापांक 65.0° सें 0 (बन्द परीक्षण) से अन्यून होगा ;

परन्तु केन्द्रीय सरकार ऐसी शर्त के अध्यधीन जैसी वह अधिरोपित कर सके—

(क) किसी पोत को बायलर में 545° सें0 से अन्यून वा आन्तरिक और दहन प्रकार की मशीनरी में 43.3° सें0 से अन्यून दमद तापांक के तेल इंधन की प्रयोग करने की अनुज्ञा दे सकेगी, और

(ख) उन पोतों में जो द्रवित गैसों को ले जाने के लिय डिजाइन किये गये हों गैसीय इंधन को प्रयोग करने को, यदि ऐसा इंधन ले जाये गये स्थौरा के वाष्पीकरण से ही पूरी तरह परिणामित होता है, अनुज्ञा दे सकेगी।

(2) उपनियम (1) में को कोई भी बात नियम 7 के उपनियम (3) के खंड (क) नियम 8 के उपनियम (3) के खंड (क) और नियम 9 के उपनियम (4) के खंड (क) के अधीन अपेक्षित विद्युत शक्ति के आपात स्त्रोत का प्रचालन करने वाली मैशीनरी के लिय इंधन को लागू नहीं होगी।

(3) हर पोत में जिसमें तेल या गैसीय इंधन का उपयोग होता है, इंधन तेल के संग्रह वितरण और उपयोग की व्यवस्था ऐसी होगी कि, अग्नि दुर्घटना और विस्फोट जो ऐसे तेल के उपयोग से हो सकता है, को ध्यान में रखते हुए, पोत और बोर्ड पर के व्यक्तियों की परिरक्षा हो सके।

(4) हर पोत में जिसमें पोत के नौदन या सुरक्षा के लिए इंजिन या बायलर्स में तेल या गसीय इंधन का उपयोग होता है इंधन के संग्रह वितरण और उपयोग की व्यवस्था ऐसी होगी कि उन सभी संभाव्य परिस्थितियों में जो पोत की सेवा के दौरान हो सकें इंजिनों का प्रभावशाली उपयोग बनाया रखा जा सके।

(5) बायलर के हर तेल इंधन संस्थापन में जो पोत के नौदन के लिये वाष्प प्रदान करता है दो तेल इंधन एककों से अन्यून सम्मिलित होंगें।

24. **नौचालन कक्ष और इंजिन कक्ष के बीच में संसूचना**—हर पोत में नौचालन कक्ष से इंजिन कक्ष नियंत्रण प्लेटफार्म तक आदेशों को संसूचित करने के लिय दो साधनों की व्यवस्था की जायगी। साधनों में से इंजिन कक्ष तार होगा।

25. **कर्ण गियर** (1) हर पोत में प्रभावशाली मुख्य और सहायक कर्ण गियरों की व्यवस्था की जायगी :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार के समाधान प्रद रूप से दोहरे कर्ण गियर शक्ति एकक और उनके संयोजन लग हुए और ऐसा हर शक्ति एकक उपनियम (2) के खंड (ग) की अपेक्षाओं के अनुसार है तो केन्द्रीय सरकार किसी पोत पर सहायक कर्ण गियर की व्यवस्था की अपेक्षा से अभिमक्ति प्रदान कर सकेगी।

(2) हर पोत में,—

(क) मुख्य कर्ण गियर जिसमें सुकान और सहयुक्त फिटिंग सम्मिलित है, पर्याप्त सामर्थ्य का होगा और पोत को अधिकतम सेवा गति पर कर्णित करने में पर्याप्त होगा। मुख्य कर्ण गियर और सुकान दण्ड इस प्रकार डिजाइन किये जायेंगे कि पीछे अधिकतम गति पर क्षतिग्रस्त न हो;

(ख) मुख्य कर्ण गियर सुकान को आगे चलते हुए पोत की अधिकतम सेवा गति पर 35° पर एक ओर और 35° पर दूसरी ओर रखने में समर्थ होगा। सुकान अधिकतम सेवा गति पर 28 सेकिन्ड में 35° किसी एक ओर से 30° दूसरी ओर तक रखे जाने में समर्थ होगा;

(ग) सहायक कर्ण गियर शीघ्रता से क्रियान्वित किये जाने में समर्थ होगा और पोत को नाव्य गति पर कर्णित करने में समर्थ बनाने में यथोयोग्य सामर्थ्य और पर्याप्त शक्ति का होगा। किसी पोत में खंड (क) की अपेक्षाओं के अनुसार पतवार के रूप में 35.56 सेंटीमीटर से अधिक व्यास का सुकान दंड अपेक्षित है। सहायक कर्ण गियर शक्ति द्वारा प्रचालित किया जायगा :

(3) हर पोत में जिसमें शक्ति द्वारा प्रचालित कर्ण गियर लगा हुआ है सुकान की स्थिति मुख्य चालन स्टेशन पर उपदर्शित की जायगी।

26. **अतिरिक्त गियर:**—

पोत की आशयित सेवा को ध्यान में रखते हुए हर पोत में पर्यात अतिरिक्त कर्ण गियरों की व्यवस्था की जायगी।

27. **दिक सूचक:**—

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन हर पोत में दो प्रभावशाली दिक्सूचकों की व्यवस्था की जायगी जो बिनेकल में रखे जाएंगे और पति की मध्य रेखा पर स्थित होंगे। ऐसे दिक्सूचकों में से एक की व्यवस्था मानक दिक्सूचक के रूप में उपयोग करने के लिये की जायेगी और सामान्य चालन स्थिति के समीप और ऐसी स्थिति में जहां से क्षितिज के दृश्य में कम से कम बाधा हो स्थित किया जायेगा। ऐसी दिक्सूचकों में से दूसरे की व्यवस्था चालन दिक्सूचक के रूपमें उपयोग करने के लिये की जायेगी और जबतक कि इस प्रयोजन के लिये मानक चुम्बकीय दिक्सूचक प्रक्षिप्त परावर्तित बिम्ब की व्यवस्था न हो या पूर्णाक्ष दिक्सूचक या धूर्णाक्ष या प्रेषण चुम्बकीय दिक्सूचक पुनरावर्तक प्रसामान्य चालन स्थिति के समीप स्थित न हो जिस दशा में बिनैकल या पादपीठ में रखा हुआ दूसरी चुम्बकीय दिक्सूचक आपात चालन स्थिति पर लगाया जायेगा सामान्य चालन स्थित के समीप स्थित किया जायेगा।

(2) जहां आपात चालन स्थिति नहीं है परन्तु पोत मानक प्रक्षेपक चुम्बकीय दिकसूचक और धूर्णाक्ष दिकसूचक से पुनरावर्तक सहित, सज्जित हो और परन्तु यह और भी कि बोर्ड पर अतिरिक्त चुम्बकीय दिकसूचक कटोरा अपने जिम्बल एककों सहित ले जाया जाता हो ताकि यह उस दिकसूचक के यदि वह बेकार हो जाय तो मानक दिकसूचक बदला जा सके तो वहां दो चुम्बकीय दिकसूचक और बिनकल अपेक्षित नहीं होंगे।

28. **लंगर और जंजीर केबल**.—

हर पोत में, पोत के आकार और आशयित सेवा को ध्यान में रखते हुये ऐसे लंगरों और जंजीर केबलों की व्यवस्था की जायेगी जो संख्या, भार और मजबूती में पर्याप्त हों।

29. **बचाव के साधन**.—

(1) हर पोत में सीढ़ी पथ और जीना पथ इस प्रकार व्यवस्थित किये जाएंगे कि सभी कर्मीदल वासों और अन्य जगहों जिनमें कर्मीदल प्रसामान्यत: नियोजित किये जाते हैं, से रक्षा नौका पोतारोहण डैक को बचाव के सुगम साधनों की व्यवस्था हो जाये।

(2) हर पोत में प्रत्येक इंजिन कक्ष, शाफ्ट सुरंग और बायलर कक्ष से यासाध्य दूरी पर एक दूसरे से पृथक दो बचाव साधनों की व्यवस्था की जायेगी, उनमें से एक जल रोक दरवाजा हो सकता है यदि ऐसा दरवाजा बचाव के साधन के रूप में उपलब्ध हो। जहां ऐसा जल रोक दरवाजा उपलब्ध नहीं है वहां बचाव के दो साधनों के दो सेट जो ऐसे इस्पात जीनों से मिलकर बनेंगे जो खोल में या अन्यत्र दरवाजों तक जाते हे जहां से डैक या डैकों पर रक्षा नौका या बचाव तराया पोतारोहण कोतक पहुंच हो,

परन्तु केन्द्रीय सरकार सकल 2000 टन से कम के पोत को इस उपनियम की अपेक्षाओं से छूट दे सकती है।

38. **मशीनरी को रोकने, तेल इंधन को बन्द करने, चूषक पाइप और छेदों को बन्द करने के साधन** :—

(1) हर पोत में मशीनरी, आवास और स्थोरा जगहों में लगे हुये संवाती पंखों को रोकने के लिये साधनों की व्यवस्था की जायेगी। मशीनरी और स्थोरा जगहों के लिये सभी रोशनदानों द्वारपथों, वातायनों, चिमिनियों के चारों ओर की बलया कार जगहों और ऐसी जगहों के अन्य छेदों को बन्द करने के लिये साधनों की व्यवस्था की जायेगी। से साधन उक्त जगहों की बाहर की स्थितियों से जो ऐसी जगहों में आग के कारण अगम्य नहीं हो जायेगी, प्रचालित किये जाने में समर्थ होंगे।

(2) हर पोत में मशीनरी को चलाने वाले बल प्रवात और प्रेरित प्रवाह पंखे तेल इंधन अन्तरण पंप, तेल इंधन एकक पंप और अन्य समतुल्य ईंधन पप उन जगहों, जिनमें ऐसी मशीनरी या प स्थित है, के बाहर दूर स्थित नियंत्रणों के साथ लगाये जाएं। ऐसे नियंत्रण उक्त जगहों में आग लगने की दशा में ऐसी मशीनरी या पंपकों को बन्द कर सकने में समर्थ होंगे।

(3) (क) हर पोत में, हर पाइप में जो किसी तेल इंधन संग्रह, सटिंग या दैनिक सेवा टंकी जो दोहरी तली की टंकी नहीं है से जुड़ा हो, जो यदि क्षतिग्रस्त हो जाये तो अपनी अन्तर्वस्तु का विसर्जन कर देगा जिससे अग्नि दुर्घटना हो सकती है, वाल्व या टोंटी लगाई जायेगी जो उस टंकी से, जिससे यह जुड़ा है सुरक्षा से आबद्ध होगा और उस जगह के बाहर जिसमें टंकी स्थित है, शीघ्रता से पहुंचने योग्य स्थिति से बन्द किये जाने में समर्थ होगा।

परन्तु यदि ऐसी टंकी में कोई प्रवेश पाइप लगा हुआ हो तो इस उपनियम में अपेक्षित वाल्व या टोंटी के लिये टंकी से उसी तरह सुरक्षा से आबद्ध एक, एक तरफा वाल्व प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

(ख) किसी तेल इंधन को गहरी टंकी से संबद्ध किसी शाफ्ट या पाइप सुरंग द्वारा अनुप्रस्थित ऐसे पाइप में, खंड (क) की अपेक्षाओं के अधीन टंकी में लगाये जाने वाले वाल्व के अतिरिक्त सुरंग या सुरंगों के बाहर पाइप लाइन या लाइनों में, आग लगने की दशा में नियंत्रण किये जाने को सुनिश्चित करने के लिये एक या अधिक वाल्व लगाये जा सकेंगे।

31. स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाण पत्र दिए जाने से पूर्व पोतों का सर्वेक्षण:—
(1) हर पोत का स्वामी इन नियमों के अधीन, यथास्थिति, स्थौरापोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाण पत्र दिये जाने के प्रयोजन के लिये अपने पोत का सर्वेक्षक द्वारा सर्वेक्षण कराएगा।

(2) ऐसे सर्वेक्षण के लिये स्वामी मास्टर या अभिकर्ता द्वारा अनुसूची 1 में इस निमित्त विहित समुचित प्ररूप में आवेदन दिया जायेगा और प्लान, डिजाइन और ऐसा अन्य डाटा और जानकारी, जैसी प्रधान अधिकारी अपेक्षा करे, के साथ दिया जायेगा।

(3) सर्वेक्षण के लिये आवेदन पंजीकृत जिले के प्रधान अधिकारी या ऐसे अन्य अधिकारी या अधिकारियों को जिन्हें केन्द्रीय सरकार इस निमित्त शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त करे, किसी कार्य दिवस को कार्यालय के समय के दौरान उस समय से 72 घंटे पूर्व जिस समय सर्वेक्षण प्रारंभ किये जाने की वांछा करता है, दिया जायेगा।

(4) इन नियमों के अधीन सर्वेक्षण के लिये फीस अनुसूची 2 में इस निमित्त विनिर्दिष्ट समुचित दरों पर उदगृहीत की जायेगी और कोई भी आवेदन, जब तक इसके साथ समुचित फीस न हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

(5) सर्वेक्षण के लिये आवेदन और सर्वेक्षण फीस प्राप्त हो जाने पर, प्राप्त करने वाला अधिकारी आवेदन को, इस प्रकार संदत्त फीस की शासकीय रसीद और एक सूचना कि आवेदन प्राप्त हो गया है, देगा।

(6) सर्वेक्षण, कलकत्ता, मुम्बई, मद्रास, विशाखापट्टणम् कोचीन, मोरमुगाओ बेदीबन्दर पत्तनों और ऐसे पत्तनों और स्थानों जिन्हें केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में जारी की गई अधिसूचना द्वारा भारत में सर्वेक्षण के स्थानों के रूप में नियत करे, पर किया जायेगा :

परन्तु प्रधान अधिकारी, यदि आवेदक ऐसी वांछा करे और परिस्थितियां ऐसी अनुमति दें, आवेदक के लिखित रूप में केन्द्रीय सरकार को इस निमित्त सुसंगत नियमों और विनियमों के अधीन सर्वेक्षक के ग्राह्य यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते पर किये गये खर्च की प्रतिपूर्ति करने के लिए सहमत हो जाने पर किसी अन्य पत्तन या स्थान पर सर्वेक्षण की व्यवस्था कर सकता है।

(7) आवेदन प्राप्त हो जाने पर, प्रधान अधिकारी पोत का किसी भी कार्य दिवस को 7 बजे सुबह और 5 बजे शाम के बीच किसी सर्वेक्षक द्वारा सर्वेक्षण करायेगा :

परन्तु यदि आवेदन यह वांछा करता है और परिस्थितियां अनुमति देती हैं तो प्रधान अधिकारी कार्य दिवस से भिन्न दूसरे दिन को उपनियम (4) के अधीन संदेय फीस के अतिरिक्त ऐसे दिनों सर्वेक्षक के प्रति परिदर्शन के लिए 200/- रुपये की दर से अतिकालिक फीस संदाय करने पर सर्वेक्षण कराने की व्यवस्था कर सकेगा।

(8) यदि आवेदन में उल्लिखित आशयित सर्वेक्षण के लिए दिन और समय पर सर्वेक्षक को सर्वेक्षण करने में समर्थ बनाने वाली अपेक्षित तैयारियां नहीं की गई हैं या यदि सर्वेक्षक ऐसे दिन और ऐसे समय पर अपरिहार्यतः निरुद्ध किया गया है या सर्वेक्षण करने से अन्यथा निवारित किया है तो पोत के सर्वेक्षण के लिए कोई अन्य दिन और समय जो सर्वेक्षक और आवेदक दोनों को सुविधाजनक हो नियत किया जा सकता है।

(9) उस कालावधि को ध्यान में रखते हुए जिसके लिए स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा संनिर्माण प्रमाण पत्र दिया जाना है सर्वेक्षक पोत का सर्वेक्षण करेगा और अपना यह समाधान करेगा कि संरचना, बायलर्स और अन्य दाब-वाहिकायों और उनके साज-समान, घरेलू बायलर्स से भिन्न जिनका तापन तल 4.65 वर्ग मीटर या कम है या कार्यकारी दाब 3.52 किलोग्राम प्रति वर्ग सेन्टीमीटर या कम है, और अन्य घरेलू दाब-वाहिकायों, जिनका ऐसा कार्यकारी दाब है, की व्यवस्था, सामग्री और घाटक माप, मुख्य और सहायक मशीनरी, विद्युत् संस्थापन और अन्य उपस्कर इन नियमों की अपेक्षाओं के अनुसार हैं और उस सेवा के लिए जिसके लिए पोत आशायित है, सब बातों में सन्तोषप्रद है।

(10) सर्वेक्षक, यदि सर्वेक्षण पर उसका समाधान हो जाये कि वह उचित तौर पर ऐसा कर सकता है तो वह इन नियमों की अनुसूची 1 में विहित समुचित प्ररूप में सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट प्रधान अधिकारी को अग्रेषित करेगा।

(11) प्रधान अधिकारी, यदि उसका सर्वेक्षण की रिपोर्ट की संवीक्षा करने पर समाधान हो जाता है कि वह उचित तौर पर ऐसा कर सकता है तो वह पोत की बाबत यथास्थिति, स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाण पत्र दे देगा ।

32. **अन्तःकालीन सर्वेक्षण**:—(क) हर पोत जिसकी बाबत स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरापोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाण पत्र दिया जा चुका है, का स्वामी जब तक कि उक्त प्रमाणपत्र प्रवृत्त रहता है, पोत का सर्वेक्षण, उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट रीति और अन्तरालों पर, वह अभिनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए कि पोत, यथास्थिति, स्थौरा सन्निर्माण प्रभाव पत्र या स्थौरापोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रभाव पत्र को प्रवृत्त रहने की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन करता है, करायेगा और यदि पोत इस प्रकार सर्वेक्षित नहीं होता तो प्रधान अधिकारी प्रमाण पत्र रद्द कर सकता है ।

(2) उपनियम (1) के अधीन किया जाने वाला सर्वेक्षण निम्न प्रकार से होगा :—

(क) खोखू और पोत की बगल बंधनों का परीक्षण सूखे डाक में दो वर्ष से अनधिक अन्तराल पर किया जायेगा और पोत की बगल बंधने चार वर्ष से अनधिक अन्तराल पर पूरी तरह से परीक्षित की जायेगी :

परन्तु जहां प्रधान अधिकारी का किसी पोत की बाबत समाधान हो जाता है कि इस कालावधि या विस्तारण न्याय संगत है तो वह स्वामी के आवेदन पर दो सर्वेक्षणो के बीच की कालावधि को ऐसी कालावधि के लिए जैसा वह आवश्यक समझे विस्तारित कर सकता है लेकिन विस्तारण की ऐसी कालावधि 12 महीनों से अधिक नहीं होगी ।

(ख) सब बायलरों का जिनमें उन घरेलू बायलरों जिनका तापन तल 4.65 वर्गमीटर या कम है और कार्यकारी दाब 3.52 किलोग्राम प्रति वर्ग सें० मीटर या कम है से भिन्न, रेचक गैस या वाष्पीय तापन वाष्प जनित्र, मितोपयोजक और घरेलू बायलर सम्मिलित है, जब वे आठ वर्ष पुराने न हों, दो वर्ष से अनधिक अन्तराल पर अन्दर और बाहर से परीक्षण किया जायेगा और इसके पश्चात् प्रति वर्ष :

परन्तु जहां प्रधान अधिकारी का किसी पोत की बाबत समाधान हो जाता है कि इस कालावधि का विस्तारण न्यायसंगत है, तो वह स्वामी के आवेदन पर दो सर्वेक्षणों के बीच की कालावधि को ऐसी कालावधि के लिए, लेकिन 6 महीने से अधिक नहीं, जैसा वह आवश्यक समझे विस्तारित कर सकता है ।

(ग) स्क्रू शाफ्टें या ट्यूब शाफ्टें, सतत लाइनर सहित या तेल में जाने वाली, बाहर निकाली जायेंगी और 3 वर्ष से अनधिक अन्तराल पर सर्वेक्षित की जायेगी और दूसरी स्क्रू और ट्यूब शाफ्टें बाहर निकाली जायेंगी और 2 वर्ष से अनधिक अन्तराल पर सर्वेक्षित की जायेंगी :

परन्तु सिगल स्क्रू पोत की दशा में जहां शाफ्टों में लाइनर या अनुमोदित तेल ग्लेंड है या अनुमोदित संक्षारण प्रतिरोधी सामग्री से बने हैं, यदि प्रधान अधिकारी का समाधान हो जाये कि—

i) प्रत्येक सर्वेक्षण पर शाफ्टें निकाली जाती हैं और एक प्रभावशाली दरार परिचयन रीति द्वारा परीक्षित की जाती है; और

ii) चाबी-खांचे का डिजाइन ऐसा है जो विस्तारण की कालावधि को न्यायसंगत ठहराता है,

तो दो सर्वेक्षणों के बीच का अन्तराल 12 महीने की कालावधि से अनधिक के लिए विस्तारित किया जा सकता है ।

(3) इन नियमों के अधीन पोत के सर्वेक्षण के लिए आवेदन, इन नियमों की अनुसूची में विहित समुचित प्रारूप में प्रधान अधिकारी को जिसके द्वारा यथास्थिति स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रभाव पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रभाव पत्र दिया गया था, दिया जायेगा ।

परन्तु जहां यथास्थिति, स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रमाणपत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाणपत्र धारण करता है, भारत से बाहर दिया गया था तो वहां आवेदन किसी भी जिले के प्रधान अधिकारी को दिया जा सकता है ।

(4) प्रधान अधिकारी आवेदन प्राप्त करने और इन नियमों की अनुसूची 2 में इस निमित्त विहित समुचित दर पर आवेदक द्वारा फीस संदाय करने पर सर्वेक्षक द्वारा पोत का सर्वेक्षण करायेगा ।

(5) सर्वेक्षक पोत का सर्वेक्षण अपना समाधान करने की दृष्टि से करेगा—

(क) कि उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट पोत के ऐसे भाग और इसके उपस्कर जो सर्वेक्षण के लिए आवेदन के अध्यधीन है यावत्साध्य प्रभावशाली रहेंगे, और

(ख) कि उपपोत के जिससे, यथा स्थिति, स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाणपत्र संबंधित है, खोखू मशीनरी या उपस्कर में कोई तात्विक परिवर्तन मुख्य अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किये गये हैं ।

(6) उपनियम (5) की अपेक्षा अनुसार सर्वेक्षण के पूरा हो जाने पर सर्वेक्षक, प्रधान अधिकारी को इन नियमों की अनुसूची 1 में इस निमित्त विहित समुचित प्रारूप में पोत के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अग्रेषित करेगा ।

(7) मुख्य अधिकारी का यदि सर्वेक्षण की रिपोर्ट की संवीक्षा करने पर समाधान हो जाता है कि उचित तौर पर ऐसा कर सकता है तो वह, यथास्थिति, स्थौरा पोत संनिर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा संनिर्माण प्रमाण पत्र को, जैसा वह उचित समझे, प्रवृत्त रहने की मंजूरी दे सकता है, या इसको रद्द कर सकता है ।

अनुसूची 1]

[नियम 31(2) 31(10), 32(3) और 32(6) देखिये]

राष्ट्रीय निदेश संख्या

मुद्रा

स्थौरा पोत संनिर्माण प्रमाण पत्र/स्थौरा पोत सुरक्षा संनिर्माण प्रमाणपत्र को मंजूर करने या नवीकरण के लिए सर्वेक्षण या अन्तः-कालीन सर्वेक्षण के लिए आवेदन ।

(विलम्ब से बचने के लिए मुंबई, कलकत्ता, मद्रास विशाखा-पट्टणम या कोचीन पर सर्वेक्षण या निरीक्षण के लिए 72 घंटे से अन्यून की सूचना दी जानी चाहिए । अन्य पत्तनों के लिए जितनी अधिक संभव हो उतनी सूचना दी जानी चाहिए)

महोदय,

मैं इसके पीछे वर्णित सर्वक्षण के लिए आवेदन करता हूं । मैं एतद्द्वारा ..... रु० ..... पैसे सर्वेक्षण फीस अग्रेषित करता हूं और खर्चे और अतिशेष फीस जो इस विषय में संबंधित उचित तौर पर प्रभार्य हों संदत्त करने के लिए सहमत हूं ।

तारीख ..... हस्ताक्षर .....

पूरा पता ..... पदाभिदान.....

सेवा में,

प्रधान अधिकारी.....

वाणिज्यिक समुद्री विभाग,

जिला.....

(वाणिज्यिक समुद्री कार्यालय में भरा जाना चाहिए)

..... रुपये की फीस सम्यक् रूप से प्राप्त हो गई है और रसीद संख्या ..... दे दी है ।

निम्नलिखित सर्वेक्षक/सर्वेक्षकों को आवश्यक कार्यवाही के लिए दे दिया गया ।

तारीख ..... प्रधान अधिकारी

देख लिया जिला

तारीख .....

सर्वेक्षक

पोत की विशिष्टियां

पोत का नाम	रजिस्ट्री पत्तन	शासकीय-संख्या	वाष्प मोटर या पाल	रजिस्ट्रीकृत लम्बाई	वर्गीकरण यदि कोई है	टनभार सकल रजिस्टर

खोखू कब और कहा बनाया–गया–सामग्री	इंजिन कब और किसके द्वारा बनाये गये आई एच पी/एन एच पी/आई एच पी संक्षिप्त विशिष्टियां	बायलर कब और किसके द्वारा बनाये गये कार्यकारी दाब	आयोजित समुद्र यात्रा या सेवा	चालन की प्रस्थापित तारीख

पोत के स्वामियों या अभिकर्त्ताओं के नाम और पत्र

सामुद्रिक/इंजीनियर अधीक्षक या अभिकर्त्ता, जो सर्वेक्षण की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी है, का नाम और टेलीफोन संख्या।

गत स्थौरा पोत संक्षिर्माण प्रमाण/पत्र स्थौरा पोत सुरक्षा संक्षिर्माण प्रमाण पत्र के ब्यौरे और अवसान की तारीख

अब अपेक्षित सर्वेक्षण/निरीक्षण की प्रकृति

पोत की उसके गत सर्वेक्षण (यदि कोई है) से दुर्घटनाओं के ब्यौरे

स्थान जहां और तारीख और समय जब पोत सर्वेक्षण के लिए तैयार होगा

कोई विशेष टिप्पणी

अनसूची II

(नियम 31(4) और 32 (4) देखिए)

स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सुरक्षा सन्निर्माण प्रमाणपत्र दिये जाने या नवीकरण के प्रयोजन के लिए संचालित सर्वेक्षण और भानतः निरीक्षण के लिए संचालित अन्तःकालीन सर्वेक्षण के लिए संदेय फीसों की सारणी :

पोत का संकल टन भार	स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रमाण पत्र/ स्थौरा पोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रमाण पत्र दिये जाने से पूर्व सर्वेक्षण के लिये संदेय फीस	स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र स्थौरा पोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रमाण पत्र के नवीनकरण से पर्व सर्वेक्षण के लिए संदेय फीस	स्थौरा पोत संन्निर्माण प्रमाण पत्र स्थौरा पोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रमाण की विधि मान्यता की कालावधि के दौरान किसी अन्तःकालीन सर्वेक्षण के लिए संदेय फीस
1	2	3	4
500 टन और अधिक किन्तु 1000 टन से कम	5000/ रुपये	1200/- रुपये	300/- रुपये
1000 टन और अधिक किन्तु 5000 टन से कम	प्रथम 1000 टन के लिये 5000/- रुपये तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 250 रुपये	प्रथम 1000 टन के लिये 1200/ रु० तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 45 रुपये	प्रथम 1000 टन के लिये 300 ० तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 10 रु०
5000 टन और अधिक किन्तु 10000 टन से कम	प्रथम सकल 5000 टन के लिये 15000 रु० तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 200 रुपये	प्रथम सकल 5000 कल के लिये 3000 रु० तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 30 रुपये	प्रथम सकल 5000 टन के लिये 700 ० तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के के लिये 8/- रुपये
10000 टन और अधिक किन्तु 15000 टन से कम	प्रथम सकल 10000 टन के लिये 25000 रुपये तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 150 पये	प्रथम सकल 10000 टन के लिये 4500 रु० तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 20 रुपये	प्रथम सकल 10000 टन के लिये 1100 पये तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 5 रुपये
1500 और अधिक	प्रथम सकल 15000 टन के लिये 32500 रुपये तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 100 रुपये	प्रथम सकल 1500 टन के लिये 5500 रुपये तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 15 रुपये	प्रथम सकल 15000 टन के लिये 1350 रुपये तथा प्रत्येक 100 टन अधिक या उसके भाग के लिये 4 रुपये।

टिप्पण : (1) जहां सवक्षक यथास्थिति स्थौरा पोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रमाण पत्र या स्थौरा पोत सन्निर्माण प्रमाण पत्र के नवीकरण से पूर्व सर्वेक्षण या अन्तःकालीन सर्वेक्षण निष्पादित करता है और ऐसा सर्वेक्षण एक सक्रिया से पूरा नही होता किन्तु दो या अधिक आंशिक सर्वेक्षण में पूरा होता है तो ऐसे सर्वेक्षण के लिए सदेय फीस यथास्थिति इसमें इसके पूर्व उपवर्णित सारणी के स्तंभ (3) के स्तंभ (4) अनुसार समुचित फीस और साथ ही सवक्षक के प्रत्येक अतिरिक्त परिदर्शन के लिए 60 रुपये होगी।

(2) जहां पोत के स्वामी या मास्टर की अभिव्यक्त प्रार्थना पर सर्वेक्षक शाम 5 बजे के पश्चात निरुद्ध किया जाता है, यदि सर्वेक्षक शाम 7 बजे पूर्व छोड़ दिया जाता है तो 75 रुपये फीस और यदि सर्वेक्षण शाम 7 बजे के बाद किसी समय छोड़ दिया जाता है तो 100 पये अतिरिक्त फीस संदेय करनी होगी।

(3) जहां सर्वेक्षक ने वर्गीकरण के प्रयोजन के लिए सर्वेक्षण, स्थौरापोत सुरक्षा संन्निर्माण प्रमाणपत्र दिये जाने या नवीकरण के पूर्व सर्वेक्षण या इन नियमों के अधीन अंतःकालीन सर्वेक्षण साथ-साथ, निष्पादित किया वहां इसमें इसके पूर्व इस अनुसूची में उपवर्णित फीसों की सारणी के अनुसार फीस संदेय नहीं होगी।

[सं० 30-एम०डी०(4)/67-एम०एल०]

अवर सचिव।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Banking)

New Delhi, the 10th December 1971

G.S.R. 141.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating recruitment to the post of Economic Investigator in the Department of Banking, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Department of Banking (Economic Investigators) Recruitment rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.**—They shall apply to the post specified in column 1 of the Schedule annexed hereto.

3. **Number of posts, classification and scale of pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit and other qualification etc.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

5. **Disqualifications.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Recruitment rules for the post of Economic Investigator in Ministry of Finance (Department of Banking File No. F. 3/8 (17)/71-RR

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection post or non-Selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Economic Investigator .	5	General Central Service Class II Non-Gazetted Non-Ministerial	Rs. 325—15—475—EB—20—575.	Not applicable.	30 years (Relaxable for Government servants).	*Essential*: (i) Master's degree in Economics or Commerce of a recognised University or equivalent. (ii) About 2 years experience in conducting economic investigation/research. (Qualifications relaxable at Commission's discretion in case of candidates otherwise well qualified.) *Desirable*: Experience of research work in fields of monetary economics, banking or public resource mobilisation or agriculture co-operation or small scale industry.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer grades from which promotjn/deputation/transfer to be made	If a DPC exists, what is its compositon	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Not applicabe	2 years	50 percent by direct recruitment 50 per cent by transfer on deputation failing which by direct recruitment.	*Transfer on deputation* Officers holding analogous posts or officers with 5 years service in posts in the scale of Rs. 210—425 or equivalent under the Central Government and possessing the qualifications mentioned in column 7. (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years.)	Not applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultatation Regulations, 1958.

[No A. 12018/5/70-Admn.]
R. K. SUNDARESAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(बैंकिंग विभाग)

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 1971

सा० का० नि०141.—संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्धों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय के बैंकिंग विभाग में आर्थिक अनुसंधानकर्ता के पद पर भर्ती के तरीके को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाये हैं, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ.**—(1) ये नियम वित्त मंत्रालय (बैंकिंग विभाग) आर्थिक अनुसंधानकर्ता भर्ती नियमावली, 1971 कहे जायेंगे।

(2) ये नियम उनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. **प्रयुक्ति.**—ये नियम इस अधिसूचना से अनुबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 1 में निर्दिष्ट पद पर लागू होंगे।

3. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे सम्बन्धित वेतनमान वही होंगे जैसा कि उक्त अधिसूचना के स्तम्भ 2 से 4 में बताया गया है।

4. **भर्ती का तरीका, वय सीमा और अन्य अर्हताएं.**—उक्त पद पर भर्ती का तरीका, वय सीमा, अर्हताएं तथा उनसे सम्बन्धित अन्य बातें वही होंगी जैसी कि उपर्युक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में निर्दिष्ट की गयी हैं।

5. **अनर्हताएं.**—कोई भी व्यक्ति,—

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से शादी अथवा सांवदागत विवाह किया हो जिसका जीवन साथी जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने एक जीवन साथी के जीवित रहते किसी दूसरे व्यक्ति से शादी अथवा संविदागत विवाह किया हो,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

